-:प्रेस नोट:-

दिनांक-19.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **जनसेवा एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए बांदा पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपनों से बिछड़े 04 लोगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलाकर लौटाई उनके चेहरे की मुस्कान।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में जनसेवा और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को साकार करते हुए बांदा पुलिस द्वारा त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अपनों से बिछड़े 04 लोगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलाकर उनके चेहरे की मुस्कान वापस लाई गई।

1- थाना कोतवाली नगर क्षेत्र ज्योति नगर के रहने वाले रामस्वरूप श्रीवास द्वारा दिनांक 18.06.2026 को शाम थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि उनका 10 वर्षीय बच्चे के घर से कहीं चले जाने व काफी समय बाद भी वापस न आने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्री प्रीत कुमार पाण्डेय द्वारा टीमों का गठन करते हुए आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए एवं लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्चे को सेंट मैरी स्कूल के पास से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

2-कस्बा कमासिन की क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा दिनांक 18.06.2026 की शाम को थाना कमासिन पर सूचना दी कि उनका 04 वर्षीय बच्चा अचानक कही चला गया काफी खोजबीन की गई लेकिन कही नहीं मिला। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना कमासिन श्री संतोष कुमार ओझा द्वारा टीमों का गठन करते हुए कस्बे में लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी कैमरे आदि की मदद से बच्चे को मात्र आधे घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया।

3-थाना मटौंध क्षेत्र के भूरागढ़ के रहने वाले रमेश निषाद ने दिनांक 18.06.2026 को रात्रि करीब 11 बजे सूचना दी कि उनका 16 वर्षीय बेटा अभी तक घर नहीं आया है आस-पास के लोगों से जानकारी की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी भूरागढ़ श्री अरविन्द कुमार द्वारा टीम का गठन करते हुए तत्परता के साथ लोगों से पूछताछ करते हुए सम्भावित स्थानों पर खोजबीन की गई जिसके पश्चात उसे पहड़िया भूरागढ़ से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

4- आज दिनांक 19.06.2026 को कस्बा अतर्रा की रहने वाली निशू ने थाना अतर्रा पर सूचना दी कि उनका 14 वर्षीय बेटा पिता की डांट से नाराज होकर रात्रि करीब 02.00 बजे कही चला गया काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक थाना अतर्रा श्री राकेश कुमार तिवारी द्वारा किशोर की सकुशल बरामदगी हेतु तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न संभावित स्थानों पर रवाना किया गया। पुलिस टीमों द्वारा सक्रियता एवं तत्परता के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ तथा संभावित स्थानों पर तलाश की गई। जिसके परिणामस्वरूप किशोर को ग्राम पुनाहुर स्थित

एक मंदिर के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि वह पिता की डांट से नाराज होकर साइकिल से घर से निकलकर पुनाहुर स्थित मंदिर आ गया था।

पुलिस की त्वरित, सतर्क एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप सभी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने-अपने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने प्रसशन्नता व्यक्त की तथा बांदा पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

- **बांदा पुलिस सभी अभिभावकों से अपील करती है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतें। बच्चों को अकेले बाहर भेजते समय उनकी निगरानी अवश्य करें तथा उन्हें घर से दूर जाने की स्थिति में संभावित खतरों के प्रति जागरूक करें।**
- **बच्चों को यह समझाए कि किसी भी प्रकार की समस्या, डर या नाराजगी की स्थिति में घर छोड़कर न जाएं, बल्कि अपने परिजनों/दोस्तो एवं करीबी रिश्तेदारों से बातचीत करें।**
- **बच्चों को अपना नाम, पता एवं माता-पिता का मोबाइल नंबर आदि याद रखने की आदत डालें। साथ ही बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें तथा उनके मित्रों एवं आने-जाने के स्थानों आदि की जानकारी रखें।**
- **छोटे/कम उम्र के बच्चों की सतत निगरानी आवश्यक है उन्हे अनावश्यक रूप से अकेला न छोड़े।**
- **किसी भी बच्चे के गुम होने/घर से जाने की स्थिति में बिना देरी किए तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दें, जिससे त्वरित कार्यवाही कर सकुशल बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।**
- **सतर्कता एवं जागरूकता से ही बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।**